हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 जुलाई 2025

06 30 करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम ...



07 नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर किया ...





## खबर संक्षेप

### सेमेरिटंस के दो कैडेट्स का सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट्स के लिए चयन

**नर्मदापुरम।** समेरिटंस विद्यालय के दो ए कैडेट वेदज्ञ भूषण शर्मा और अर्णव तिवारी का चयन सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के लिए हुआ है। उक्त दिनों कैडेट्स सोमवार को 13 एमपी बटालियन के अधिकारियों के साथ भोपाल जाएंगे, जहां उनका साक्षात्कार होगा। यहां चयन होने पर वह आगे जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए एनसीसी अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने बताया कि कमान अधिकारी के निर्देशन और नायब सूबेदार रामवतार सिंह के मार्गदर्शन में उक्त कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। सोमवार को वे भोपाल में ये ग्रुप कमांडर के समक्ष अपनी सैन्य कार्यकुशता, शस्त्र प्रशिक्षण, अनुशासन, व्यक्तिगत विकास, ड्रिल आदि की प्रस्तुति देंगे। जिस आधार पर इनका सिलेक्शन होगा और ये राष्ट्रीय स्तर तक जाएंगे। और वेदज्ञ भूषण शर्मा। समेरिटंस विद्यालय के उक्त दोनों कैडेट्स की इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय, उप प्राचार्य आर के रघुवंशी ने खुशी जाहिर की गई।

## मूंग उपार्जन में व्याप्त अव्यवस्थाओं से परेशान हो रहे किसान

# मिनेश, आदि देव, ललिता शंकर वेयर हाउस में लग रही है बहुत लंबी लाइन

माखननगर विकासखंड पर मूंग खरीदी केन्द्रों पर अव्यवस्था व्याप्त हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विकासखंड में 7 मूंग खरीदी केंद्र बनाए हैं जिसमें सबसे ज्यादा अव्यवस्था मीनेश, वेयर हाउस आदि देव, वेयरहाउस एवं ललित शंकर वेयरहाउस, में देखने को मिल रही है किसानों का कहना है कि समिति के लोग बाद में जिनकी स्लॉट बुक हुए हैं उनकी पहले तुलाई कर रहे हैं और जो पहले से लाइन में खड़े हैं वह खड़े ही रहते हैं शनिवार को मीनेश वेयरहाउस पर सर्वेयर नहीं होने से तुलाई नहीं हो पाई समिति प्रबंधक का कहना था की सर्वेयर नहीं है तो कैसे तुलाई करें सिर वाड़ रोड पर किसानो के ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी लाइन लगी रही।



**एसडीएम ने किया सभी उपार्जन केंद्र का दौरा**

जिसकी पहले स्लॉट बुक हुई है उनकी तुलाई पहले करे शनिवार को एसडीएम नीता कोरी वेयरहाउस कॉरपोरेशन के वासुदेव दवंदे प्रबंधक श्वेता पवार कृषि विभाग के एसडीओ सलिल साहू एवं अन्य अधिकारियों उपार्जन केंद्र पर पहुंचे एस डी एम ने समिति प्रबंधक को निर्देश दिए।

**बेहतर व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश**

जिसकी पहले जिनके पहले स्लॉट बुक हुए हैं उनकी तुलाई पहले करें और सभी को तारीख के हिसाब से टोकन बांटदे और यह भी देखें की ट्राली में मूंग एफएक्यू है कि नहीं एक पंखा लगने पर पास हो जाएगी उन्हें ही अंदर करें।

**किसान बोले हो रही है खींचतान**

वहीं किसानों का कहना है की सर्वेयर समिति और वेयरहाउस संचालक की आपसी खिंचतान में किसान परेशान हो रहा है कई वेयरहाउस पर डब्ल्यूसीएलएल के कर्मचारी एवं सर्वेयर पर दबाव बनाया जा रहा है वेयरहाउस के कर्मचारियों ने जिसकी लिखित जानकारी अपने अधिकारियों को दी है एक कर्मचारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया वेयर हाउस वाले एवं बाहर से आ रहे हैं कछ लोग कहते हैं कि जैसा कहते हैं वैसा करो हमें किसी के दखल जरूरत ही नहीं है और ना कर्मचारियों की जरूरत है जब नुकसान फायदे के लिए हम जिम्मेदार हैं तो यह क्या करेंगे इसलिए सर्वेयर टिक नहीं रहे और डब्लू सी एल एल के कर्मचारी दबाव में है वहीं कुछ वेयरहाउस से सर्वेयर चले गए हैं दूसरे सर्वेयर आये है वही किसान नारायण यादव ने बताया मिनेश वेयर हाउस में 3 दिन पहले से आए हैं 11 तारीख की स्लॉट बुक है हम वहीं के वहीं खड़े हैं और कुछ ट्रैक्टर रात को ताला खोलकर अंदर कर लिए जाते हैं और उनकी तुलाई पहले हो जाती है।

एस डीएम ने व्यवस्था में सुधार एवं ट्रैक्टर की स्लॉट के क्रम अनुसार लाइन लगाने के लिए पुलिस की व्यवस्था भी बनाई है एवं राजस्व से पटवारी की ड्यूटी भी लगाने की बात कही है वही कुछ दिन पहले फूरतला के चेतन वेयरहाउस में जो मूंग रखी मिली है बताया उसके लिए जांच कमेटी बनाई है जांच कमेटी ने अभी अपनी रिपोर्ट नहीं दिए रिपोर्ट मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर कार व बाइक टकराई घटना में महिला की मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

माखन नगर थाना अंतर्गत ग्राम आंचलखेड़ा के पास शुक्रवार को एक मोटरसाइकिल कार से टकरा गई जिसमे मोटरसाइकिल पर सवार महिला की मौत हो गई एवं मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल कुमरे जो गुदुम जिला छिंदवाड़ा का रहने वाला हैं उनकी पत्नी महावती बाई के साथ मोटरसाइकिल एमपी 28 एम डब्ल्यू 0343 के साथ अपने घर जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल जो कि कार क्रमांक एमपी 04 सीजे 4440 के पिछले हिस्से में टकरा गई जिससे



महावती बाई की मृत्यु हो गई और मोटरसाइकिल चालक नेपाल सिंह को गंभीर चोट आई है जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने महिला के शव एवं घायल युवक को माखननगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां समय अधिक होने कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका शनिवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ।

वहीं शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। साथ ही पुलिस ने मामले को जांच में लिया।

### मनीष शंकर शर्मा के सम्मान में भोपाल में हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम।** 20 जुलाई 2015 को सैन डिएगो शहर के मेयर केविन फाल्कनर ने आईपीएस मनीष शंकर शर्मा के सम्मान में आधिकारिक घोषणा करते हुए इस दिन को मनीष एस. शर्मा डे घोषित किया था। इसी सम्मान की दसवीं वर्षगांठ 20 जुलाई को एमएसएस सपोर्ट फाउंडेशन के आयोकत्व में स्मरण उत्सव का आयोजन राज्य संग्रहालय सभागार श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित होगा। एमएसएस सपोर्ट फाउंडेशन ने जानकारी देते हुए बताया कि आईपीएस मनीष शंकर शर्मा के नाम कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने अपने 33 साल की शासकीय सेवा में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उनके विचारों से जुड़ी एक फिल्म ज्योतिर्मय बनी है। फिल्म मेकर आदित्य कुमार चौरसिया ने लेखन, शूटिंग और संपादन किया है जबकि फिल्म का निर्देशन गोविंद चौरसिया द्वारा किया गया। आईपीएस मनीष शंकर शर्मा एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी बुद्धिमत्ता से कई गौरवशाली सम्मान प्राप्त किए।

## जागरूकता अभियान : श्रीमान जी, नशे से दूरी है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शीर्षक पर चलाए जा रहे मध्य प्रदेश पुलिस के द्वारा राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को थाना माखन नगर में विविध कार्यक्रमों के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग रहने हेतु जागरूक किया इस दौरान बच्चों ने प्रेरणा लेकर नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली और समाज में नशा उन्मूलन के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया दोपहर बाद क़स्बा माखन नगर में शनिचरा बाजार में आम जनों को नशा मुक्ति अभियान से संबंधित जानकारी एवं नशा न करने के लिए समझाया एवं प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों को दिया नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र पुलिस द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' शीर्षक से राज्य व्यापी नशामुक्ति जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को सोहागपुर के पुलिस कर्मियों ने उपार्जन केंद्रों सहित सेंट पेट्रिक्स स्कूल में अभियान संचालित किया।

एसआई मेघा उदेनिया, प्रधान आरक्षक विनोद नागर तथा आरक्षक नरेंद्र पटेल ने स्कूल में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग रहने की जानकारी दी। बच्चों ने प्रेरणा लेकर नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली और समाज में नशा उन्मूलन के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया। वहीं शनिवार दोपहर थाना शोभापुर, सेमरी व सोहागपुर के उपार्जन केंद्रों में किसानों एवं हम्मालों को नशा मुक्ति अभियान संबंधी जानकारी दी गई एवं नशा



न करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान थाना प्रभारी ऊषा मरावी, उप निरीक्षक मेघा उदेनिया, प्रधान आरक्षक विनोद नागर, आरक्षक मनोहर दायमा, स्टाफ मेंबर्स एवं नागरिक मौजूद रहे। एएसआई गणेश राय ने बताया कि नशा मुक्ति का राज्यव्यापी अभियान 30 जुलाई तक चलेगा।

## पुलिस विभाग स्कूल में चला रहा नशामुक्ति अभियान, बच्चों को किया जा रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूलमे स्कूल केसंचालक आनंद प्रकाश शर्मा केद्रारा स्टेशन रोड थाने के अधिकारियों के साथ स्कूल में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें सहायक उप निरीक्षक रेखा मुनिया के नेतृत्व मे आरक्षक प्रभाकर चौधरी चंद्रप्रकाशसाहू सतीश चौरे महिला आरक्षकइसीका दुबे तमाम लोगों ने तथा स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में प्रभाकर चौधरी ने बताया कि नशा नाश की जड़ है।



नशा करनेसे शारीरिक दुष परिणाम भी बहुत ना पडते हैं। उप निरीक्षक ने कहा कि तबाकू के सेवन से शरीर का तमाम हिस्सा पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है। छात्रों को किसी भी परेशानीदिक्कत होने सै उन्होंने संपर्क करने के लिए अपना नंबर भी दिया है नशाके दुष्परिणाम प्रकाश डाला गया। आनंद प्रकाश शर्मा ने कहा कि आज की बातों को अपने परिवार के अन्य सदस्यों तकभी पहुंचना चाहिए सभीको नशे से दूर रहनाचाहिए सट्टा अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी बताया गया।

## अभा साहित्य परिषद की संभागीय कार्यशाला में सम्मिलित हुए नर्मदापुरम संभाग के साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अभा साहित्य परिषद के नर्मदापुरम व भोपाल संभागों की कार्यशाला रविवार को भोपाल के विश्व संवाद केंद्र में की गई। जिसमें नर्मदापुरम के साहित्यकार भी सम्मिलित हुए। आयोजन भोपाल इकाई द्वारा 'आत्मबोध से विश्वबोध' केंद्रीय विषय पर किया गया।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वक्ता रूप में परिषद के प्रांत महामंत्री आशुतोष शर्मा, परिषद भोपाल इकाई अध्यक्ष एवं मप्र उर्दू अकादमी निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी, प्रांत उपाध्यक्ष ममता वाजपेई उपस्थित थे। संचालन प्रांत मंत्री सुनीता यादव ने किया। आयोजन में नर्मदापुरम से प्रांत उपाध्यक्ष सुनील पांसे बैतूल, संभाग संयोजक कीर्ति वर्मा माखननगर, नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष सौरभ यादव सूर्य, नर्मदापुरम संरक्षक आरती शर्मा तथा प्रांत सह मीडिया प्रभारी अमित बिल्लौरे सोहागपुर सम्मिलित हुए। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकारों में दिनेश याग्निक, बाबू देवाल, राकेश सक्सेना, हरिसिंह परिहार, डॉ. विजेंद्र जायसवाल, लक्ष्मण सिंह चौकसे, सुशील व्यास, उर्मिला मरेहा, अनुज भार्गव, मारूति शिशिर, रमा शिशिर, नारायण साहू आदि उपस्थित रहे। भोपाल इकाई अध्यक्ष डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि वक्ताओं ने स्त्री विमर्श, युवा विमर्श व कल्चरल मार्क्सवाद पर उद्बोधन दिए। वक्ताओं ने कहा कि भारत को वैश्विक गुरु की भूमिका निभानी होगी। आयोजन रविवार दोपहर 2:30 बजे वंदे मातरम गीत के साथ संपन्न हुआ।

## केंद्रीय जेल में दंत चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्रीय जेल खंड ब में कैदियों के लिए दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जहां डॉ शिवम गौर ने कैदियों के दांतों का इलाज किया, जिसमें उनका सहयोग हेल्थ एक्टिविस्ट डॉ.मयंक तोमर ने किया,डॉ. मयंक तोमर ने कहा कि सभी को दिन में दो बार दांत साफ करने की आदत डालनी चाहिए, ताकि कीटाणु दांतों को खराब न कर सकें।

शिविर के दौरान समाजसेवी भावना बिष्ट, जैल स्टाफ आदि मौजूद रहे, सहायक जेल अधीक्षक योगेश शर्मा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

## सात दिवसीय टॉकिंग डिक्शनरी शिविर का किया गया समापन, अतिथि रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

संस्कृति विभाग अंतर्गत जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा विगत वर्ष से टॉकिंग डिक्शनरी बनाने का अभिनव कार्य प्रारंभ किया है। इसके अंतर्गत पूर्व में कुचबंधिया (गिहारा पारसी बेड़िया, बंजारा, गाडुलिया लोहार और पारधी घुमंतू और विमुक्त समदायों की भाषाओं में टाँकिंग डिक्शनरी बन चुकी है।

इस वर्ष नट कलंदर, बांछड़ा कंजर और कालबेलिया समुदायों की भाषाओ में यह कार्य चल रहा है। डिक्शनरी बनाने का प्रशिक्षण लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर डॉ कविता रस्तोगी और



उनकी संस्था सेल के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया।इस वर्ष उक्त पाँच समुदायों की टाकिंग डिक्शनरी पूर्ण करने का लक्ष्य है।

समापन पूर्व पचमढ़ी के शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शुभेन्दु शेखर ने कहा कि अकादमी द्वारा उन उपेक्षित भाषाओं को स्वर दिया जा रहा है जिनकी ओर पूर्व में ध्यान नहीं दिया गया। समापन वक्तव्य में प्रमुख प्रशिक्षक प्रो कविता रस्तोगी ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा की गई पहल भाषाई इतिहास में सदैव उल्लेखनीय रहेगी। विश्व भर में भाषाओं के संरक्षण संवर्धन के लिए टॉकिंग डिक्शनरी के रूप में एक नई चेतना उत्पन्न हुई है। विलुप्तप्राय और संकट ग्रस्त भाषाएँ इससे वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित हो सकेगी।

## मानसून दिवस पर समेरिटंस स्कूल जुमेराती में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटन्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल जुमेराती में शनिवार को मानसून दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पौध भी किया गया। प्राचार्य निधि दुबे ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं इस अवसर पर रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर आए और अपने साथ लाए पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में यह एक छोटा, परंतु महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और प्रेम विकसित होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक शिखा खम्परिया, बबीता शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

### सत्र 2025-26 के लिए माही पटेल प्रधानमंत्री बनाए गए

## नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में हुआ स्कूल कैबिनेट का गठन किया, चयनित विद्यार्थियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षा एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में हमेशा ही अग्रणी रहने वाली संस्था नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, सेमरी हरछंद में 18 जुलाई 2025-26 को भा.ज.पा. मण्डल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, निशा अग्रवाल, प्राचार्य नरेंद्र राजपूत एवं पालको की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

स्कूल कैबिनेट एवं हाउस मास्टर्स द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अश्वनी सरोज जी की गरिमामयी उपस्थिति में स्कूल कैबिनेट के सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई।



सत्र 2025 -26 के लिए माही पटेल प्रधानमंत्री, पार्थ पटेल उप मंत्री, युवराज कुशवाह हेड बॉय, सेजल गोस्वामी हेड गर्ल, श्रीकांत पटेल खेल सचिव, कनिष्का राजपूत सांस्कृतिक सचिव, सरस पटेल अनुशासन सचिव, ओम पटेल शिक्षा सचिव,आयुशी उईके स्वास्थ सचिव, जयंत राजपूत पर्यावरण सचिव, आदर्श राणें रेड हाउस कैप्टन, अवनीश सोनी रेड हाउस वाइस कैप्टन, सुमित मालवीय ब्लू हाउस कैप्टन, चंद्रभान पटेल ब्लू वाइस कैप्टन, दिवयांश चौरे ग्रीन हाउस कैप्टन, प्रगया राजपूत एंव रिधीमा गोस्वामी ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन, मानवी गुर्जर यलो हाउस कैप्टन एवं कृष्णकांत पटेल यलो हाउस वाइस कैप्टन बनाए गए। भा.ज.पा. मण्डल अध्यक्ष अश्वनी सरोज जी के रोचक एवं प्रेरक उद्बोधन से विद्यार्थी बहुत अधिक प्रभावित हुए, विद्यार्थियों की जिज्ञासा का बखूबी उत्तर देते हुए अश्वनी सरोज जी ने उन्हें माता-पिता एवं अपने गुरुजन की आज्ञा पालन की सीख दी तथा उन्हें बताया कि जीवन में कड़ी मेहनत और लगन से हम सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वह भी इस शाला का एक हिस्सा है।

संस्था के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि महोदय को गुलदस्ता भेंटकर अभिनंदन किया एवं स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया। संस्था के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, प्राचार्य नरेंद्र राजपूत को शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने स्कूल कैबिनेट एवं हाउस के सभी नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आंखों में पट्टी बांधकर युवाओं ने किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जैसा कि आप सभी को विदित है कि इस जिले की सबसे निष्क्रिय और निकृष्ट नगरपालिका सीएमओ द्वारा नगर की व्यवस्था में सुधार के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है, नगर में जहां तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है, आधे से ज्यादा शहर में ब्लैकआउट जैसी स्थिति नगर का कोई भी पार्क सुख सुविधाओं से पूर्ण नहीं है सड़कों में गढ्ढे और धूल की भरमार है जिससे आम नागरिक का चलना दूभर हो गया है और धूल के कारण स्वास की बीमारी घर करती जा रही है, अनेकों बार श्री समर्पण श्री संस्था द्वारा नगरपालिका सीएमओ और जिला प्रशासन को ज्ञापन तथा प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराते आ रही है लेकिन नगरपालिका की निकृष्ट और निष्क्रिय सीएमओ की आंखे अभी तक नहीं खुली है और नगर गर्त में पहुंचता जा रहा है।

### संयुक्त तहसील भवन का हुआ लोकार्पण, पुलिस चौकी की मिली सौगात

# सांसद ऊइके और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने एक ही दिन में शहर को दी करोड़ों की सौगात

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

भारी व्यस्तता के बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली मर्तबा बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने केंद्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके के साथ रविवार को ताबड़तोड़ भूमिपूजन-लोकार्पण कर विभिन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इन लोकार्पण और भूमिपूजन से लोगों को पहले से ज्यादा सुविधाएं मिलेगी। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा संयुक्त तहसील कार्यालय के लोकार्पण के बाद लोगों के एक ही स्थान से सारे काम हो जाएंगे। वहीं सोनाघाटी क्षेत्र में पुलिस चौकी खुलने से फो रलेन के हिस्से की सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसके अलावा हेमंत खंडेलवाल एवं डीडी उईके की जोड़ी ने करोड़ों के विकास कार्यो व सड़कों का रविवार को भूमि पूजन किया।




श्री उइके और प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने सतपाल आश्रम से इटारसी रोड तक बनने वाली सडक़, नाली और गेट निर्माण कार्य का रविवार को भूमिपूजन किया। वर्षों से वार्डवासी इन विकास कार्यों की मांग कर रहे थे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि वार्ड में अब 48 लाख रुपए की लागत से सडक़, 38 लाख से नाली और 5 लाख रुपए से गेट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और सडक़ चौड़ी बनवाई जाए। साथ ही नालियों को पूरी तरह से कवर्ड करने की बात भी कही। भूमिपूजन के पश्चात अतिथियों ने सतपाल आश्रम पहुंचकर परिसर में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान सतपालजी महाराज का पूजन और गुरुओं का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, सुधाकर पवार, पार्षद रघुनाथ लोखंडे सहत नपा अधिकारी सतीश मटसेनिया और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### टांगा चौक, से न्यू बैतूल स्कूल तक बनेगी सीसी सडक़

प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जवाहर वार्ड के तांगा चौक, बाबू चौक से न्यू बैतूल स्कूल तक 2 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली सीसी सडक़ का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए तांगा स्टैंड, बाबू चौक, न्यू बैतूल स्कूल तक 2 करोड़ से अधिक लागत से सीसी रोड, कन्वर्ट रोड डिवाइडर, सेंट्रल लाइटिंग का निर्माण कार्य होगा। इस दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने गंज मंडी परिसर निर्माण का जिक्र करते हुए बताया कि तकनीकी कारणों और अधिक लागत के चलते कांप्लेक्स निर्माण रुका हुआ था। उन्होंने कहा कि कांप्लेक्स निर्माण के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं।

#### गंज को किया जाएगा व्यवस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि गंज क्षेत्र को विकसित कर पूरी तरह से व्यवस्थित किया जाएगा। आगामी समय में गंज में ओपन ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेंट्रल स्कूल से विजय भवन होते हुए बडोरा तक 60 फीट सडक़ निर्माण प्रस्तावित किया गया है। सडक़ के चौड़ीकरण होने से किसी भी दुकानदार का व्यवसाय प्रभावित न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा 5 वर्ष से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों का सर्वे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में एक भी अतिक्रमण नहीं रहे, लेकिन एक भी अतिक्रमणकारी का व्यवसाय न जाए इसके लिए उन्हें स्थाई दुकान की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

#### पुलिस चौकी की मिली सौगात



*बैतूल। जिले की ग्राम पंचायत कढ़ाई सोनाघाटी में रविवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस चौकी की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमि पूजन संपन्न कराया। काफी समय से सोनाघाटी क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के दृष्टिकोण से पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयासों से यह बहुप्रतीक्षित सौगात अब क्षेत्रवासियों को प्राप्त हुई है।*



#### 6.40 करोड़ की लागत से बने संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण, राजस्व सेवाएं होंगी सुगम

*बैतूल। जिले में 6 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके एवं प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के कर कमलों से रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने नवीन भवन में स्थापित कार्यालयों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नवनिर्मित भवन से आमजन को राजस्व सेवाओं का त्वरित और सुगम लाभ मिलेगा। समारोह को संबोधित करते हुए बैतूल विधायक खंडेलवाल ने कहा कि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में बैतूल तहसील में सुधार आएगा। तहसील भवन बनने से अब बैतूल तहसील के 188 ग्रामों की 3 लाख 57 हजार 607 आबादी कवर होगी। केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से जिला मुख्यालय बैतूल में संयुक्त तहसील भवन बनने से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों का निराकरण होगा।*

## 30 करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम का होगा कायाकल्प



**बैतूल।** प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, शिक्षा विभाग की रिक्त भूमि और नेहरू युवा केंद्र का जायजा लिया। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल में हर खेल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान तैयार किए जाएंगे। इन खेलों में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट और फुटबॉल शामिल हैं। इसके साथ ही फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट के लिए आधुनिक टर्फ ग्राउंड भी विकसित किए जाएंगे। 30 करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम का कायाकल्प किया जाएगा। विधायक श्री खंडेलवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैतूल जिले को खेलों का हब बनाने के लिए एक समग्र योजना तैयार की जाए, जिसमें सभी प्रमुख खेलों के लिए अलग-अलग ग्राउंड और सुविधाएं शामिल हों। प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक खंडेलवाल ने जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने पुलिस ग्राउंड में रबर ट्रैकिंग, लाइटिंग और बाउंड्री वॉल के रिनोवेशन के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, नगर पालिका सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रेन में चढते समय फिसला हाथ

## ट्रेन से गिरी बेंगलुरु की नर्सिंग छात्रा मौत, बचाने वाले के सिर में चोट



**बैतूल।** बैतूल में ट्रेन से गिरने से एक नर्सिंग छात्रा की मौत हो गई। उसे बचा रहा एक व्यक्ति भी नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में चोट आई हैं। घटना की वजह से करीब आधा घंटे तक प्लेटफार्म पर ही ट्रेन रूकी रही। लडक़ी बेंगलुरु में सेकंड ईयर की छात्रा थी और सहेली के साथ जयपुर जा रही थी। हादसा मैसूर से जयपुर जा रही जयपुर एक्सप्रेस (12975) में हुआ। ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ी थी और छात्रा पानी की बोतल लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी थी। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी और छात्रा ने चलती ट्रेन में चढऩे की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ छूट गया। मृतका की पहचान अमृता नायर (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जयपुर के धावास की रहने वाली थी। वह फेथ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बेंगलुरु की सेकंड ईयर की छात्रा थी और अपनी सहेली एंजल थॉमस के साथ ट्रेन में यात्रा कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब ट्रेन ने स्टेशन से चलना शुरू किया, अमृता बोतल लेने के बाद दोबारा ट्रेन में चढऩे की कोशिश कर रही थी लेकिन संतुलन खोने के कारण वह प्लेटफॉर्म के नीचे गिर गई। उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान ट्रेन के बी-3 कोच में सवार एक अन्य यात्री, रोशन अली (50 वर्ष) भी घायल हो गए। हादसे के समय सिर और पैर में चोटें लगने के कारण घायल हो गए। उसने छात्रा को पकडक़र ट्रेन में चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन छात्रा का वजन अधिक होने के कारण वह उसे संभाल नहीं सका और दोनों नीचे गिर गए। इसी दौरान छात्रा ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन को चेन पुलिंग के द्वारा रोका गया और रेलवे एवं स्टेशन सुरक्षा कर्मियों ने घायल यात्री को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मृतका को प्लेटफॉर्म से हटाया। इस घटना के कारण ट्रेन 27 मिनट देरी से चली।

### अवैध दुकानों पर कार्रवाई

## 100 से अधिक दुकानदारों का बनाया गया चालान



**मुलताई।** पुलिस ने शहर में अवैध अतिक्रमण और खुले में खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को पुलिस ने 100 से अधिक दुकानदारों पर पुलिस अधिनियम की धारा 34 के तहत चालानी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि बस स्टैंड, मुख्य बाजार मार्ग, रेल्वे स्टेशन मार्ग पर अवैध दुकानें लगाई जा रही थीं। कई दुकानदार खुले में पानी पूरी, समोसे, चाट, फल और मिठाई बेच रहे थे। इससे सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था। पुलिस ने बताया कि इन दुकानदारों को पहले मौखिक चेतावनियां दी गई थीं। नगर परिषद ने भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। लेकिन दुकानदारों की ओर से बार-बार नियमों का उल्लंघन किए जाने के कारण पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी पड़ी। थाना प्रभारी ने कहा कि यह कदम शहर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता के लिए जरूरी था। अगर दुकानदार फिर नियम तोड़ेंगे तो फिर से कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अतिक्रमण न करें। साथ ही नियमों का पालन कर शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने में मदद करें।

### विश्वकर्मा मंदिर में आज होगा सामूहिक महारुद्राभिषेक

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में आज सोमवार को शिवभक्तों के लिए विश्वकर्मा समाज समिति द्वारा सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष मालवी और सचिव शशिकांत मालवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक व्यवस्था, पूजन सामग्री, पंडितों की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा जिसमें पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूजन और महारुद्राभिषेक शुरू किया जाएगा। यह अनुष्ठान शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। समाज समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

### कांवड़ यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री

## छोटा महादेव में कांवड़िए करेंगे भगवान शिव का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर समिति खंजनपुर द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में 300 से अधिक शिवभक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली। श्रद्धालु जल लेकर पदयात्रा करते हुए छोटा महादेव भोपाली पहुंचेगे, जहां आज भगवान शिव का जलाभिषेक किया जायेगा। कावड़ यात्रा में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नगर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, भोला खंडेलवाल, पर्वतराव धोटे भी शामिल हुए। खंजनपुर दुर्गा वार्ड के से शुरू हुई श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर से शुरू हुई कावड़ यात्रा नागदेव मंदिर, गणेश चौक, शिव मंदिर कोठीबाजार, कमानी गेट होते हुए भोपाली छोटा महादेव के लिए रवाना हुई। कावड़ यात्रा में गुड्डू मिश्रा, पार्षद संतोष भलावी, यशवंत पवार, सुनील नाहारिया सहित शिवभक्त एवं गण्यमान्य गाजे-बाजे के साथ में भोपाली के लिए रवाना हुए। कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया।



इस दौरान कमानी गेट पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पावर, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बरसाकर और नवीन तातेड़ विशेष रूप से उपस्थित थे। शर्मा फ्यूल प्वाइंट पर भाजपा नेता सुनील शर्मा और राकेश शर्मा रक्कू ने कांवडियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की।

### भोपाल में दो महीने काम के बाद भी नहीं मिला था मेहनताना

## पत्रकार के प्रयासों से मजदूरों को मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

शाहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत सालीमेट के ग्राम सेमलपुरा के 32 आदिवासी मजदूरों को भोपाल में दो महीने तक कठिन श्रम करने के बावजूद उनका मेहनताना नहीं मिला था। यह मामला उस समय उजागर हुआ जब भौंरा के वरिष्ठ पत्रकार कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री को मजदूरों ने अपनी परेशानी बताई। मजदूरों ने बताया कि वे भोपाल के बंसल हॉस्पिटल के पास फुटपाथ निर्माण कार्य में ठेकेदार सुनील त्यागी के अधीन काम कर रहे थे। उन्हें 500 प्रतिदिन की दर से मजदूरी देने का वादा किया गया था और कहा गया था कि हर 15 दिन में भुगतान किया जाएगा। लेकिन दो महीने तक कार्य कराने के बावजूद मजदूरों को पूरा भुगतान नहीं किया गया। खर्च के नाम पर कभी-कभी केवल 100 से लेकर 1000 तक की मामूली रकम एडवांस में दी जाती रही। जब मजदूरों को लगातार टाला गया और मेहनताना नहीं मिला, तो उन्होंने भौंरा के पत्रकार कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री से संपर्क किया। पत्रकार अग्निहोत्री ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत सक्रियता दिखाई और सभी 32 मजदूरों को भोपाल अपर कलेक्टर से मुलाकात कराई। अपर कलेक्टर ने तुरंत श्रम विभाग की सहायक श्रमायुक्त जास्मीन अली सितारा को फोन पर जानकारी दी और निर्देश दिए। इसके बाद पत्रकार स्वयं सभी मजदूरों को लेकर श्रम विभाग के कार्यालय पहुंचे, जहां सहायक श्रमायुक्त ने मजदूरों की शिकायत सुनी और ठेकेदार सुनील त्यागी को तत्काल कार्यालय बुलाया। विभागीय दबाव और पत्रकार के प्रयासों के चलते दूसरे ही दिन मजदूरों को उनका बकाया भुगतान कराया गया।




### देश के गृहमंत्री को वादा याद दिलाने पार्षद ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## तरु मित्र यज्ञ पौधारोपण में केंद्रीय मंत्री ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

गायत्री परिवार एवं लीलावती फाउंडेशन आमला के आयोजन कार्यक्रम में रविवार को स्थानीय रेलवे ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री आदिम जाति कल्याण विभाग डी.डी उईके एवं विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे की उपस्थिति और सहयोग से इस कार्यक्रम में विशालता और गरिमा के साथ-साथ धरा अलंकरण के उद्देश्य ने कार्यक्रम को कई गुना बड़ा बना दिया गया है। शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 19 से 25 दिसंबर के प्रयाज कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्ष गंगा अभियान के तहत तरु मित्र पौधारोपण का आयोजन किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में लगभग एक सैकड़ा विभिन्न प्रजातियों के पौधे यहां लगाए गए हैं, इसके अलावा लीला फाउंडेशन के राजेंद्र उपाध्याय द्वारा यहां 51 तुलसी के पौधे रोपे गए हैं, इस मौके पर यहां वार्ड की पार्षद ओमवती विश्वकर्मा ने रेलवे ग्राउंड के विस्तार की मांग माननीय केंद्रीय मंत्री से की है।






उद्बोधन की श्रृंखला में केंद्रीय मंत्री ने गायत्री मंत्र की महिमा और इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से बताते हुए विश्व कल्याण की भावना की कामना की है,तो वही विधायक डॉक्टर पंडाग्रे ने गायत्री परिवार के इस प्रकल्प की सराहना करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय साहू पार्षद ममता धमोडे, पद्मिनी भूमरकर, सुधीर अंबाडकर, राकेश शर्मा के अलावा मयूर सूरजेकर,प्रदीप ठाकुर, अशोक नागले,राजेश झा, रामकिशोर देशमुख, नरेंद्र गडेकर सहित कई लोग उपस्थित थे। इधर इस मौके पर वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद राकेश शर्मा ने केंद्रीय मंत्री डीडी उईके को देश के गृहमंत्री अमित शाह के नाम एक ज्ञापन दिया है, स्मरण पत्र के नाम से दिए इस ज्ञापन में पार्षद शर्मा ने गृहमंत्री से अपना वादा पूरा करने का निवेदन किया है, ज्ञापन में कहा गया है कि बीते 7 वर्ष पहले 2019 में जब देश के गृहमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान बैतूल में एक चुनावी सभा को संबोधित करने यहां आए थे, तब उन्होंने आमला में रेलवे की खाली पड़ी लगभग तीन सौ एकड़ से ज्यादा भूमि पर रेलवे की कोच फैक्ट्री खोलने का वादा किया था, इस बात को अब सात वर्ष गुजर गए हैं, ऐसे में गृहमंत्री को अपना वादा पूरा करना चाहिए।ज्ञापन में लगातार पिछड़ते शहर और यहां कमजोर होती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए उद्योग आदि की मांग के अलावा देश के गृहमंत्री अमित शाह के आमला में कोच फैक्ट्री के वादे को पूरा करने का अनुरोध भी किया गया है।

### खेडी ताप्ती से आज निकलेगा सैकड़ों कांवड़ियों का जत्था

**बैतूल।** श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा लगातार 5 वे वर्ष निकाली जा रही कावड़ यात्रा में श्रद्धालु कांधे पर कावड़ लेकर खेडी ताप्ती से रवाना होंगे। खेड़ी ताप्ती से निकलने वाली इस कावड़ यात्रा का विभिन्न मार्गों पर स्वागत सत्कार भी किया जाएगा, यात्रा का समापन विनोबा वार्ड स्थित शिव मंदिर में होगा। यह कावड़ यात्रा सुबह 7 बजे खेड़ी ताप्ती से प्रारंभ होकर पूरे उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच विनोबा वार्ड स्थित श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक श्री शिव मंदिर विनोबा नगर में रूद्राभिषेक और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है। श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा समस्त नगरवासियों से कावड़ यात्रा एवं रूद्राभिषेक महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

खबर संक्षेप



## आदिवासी समाज के मध्य जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया

**भैरुंदा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15 से 30 जुलाई 4 तक 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में थाना भेरूंदा द्वारा 18 जुलाई को आदिवासी समाज के बहुल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोशमी में नशामुक्ति जन जागृति कार्यक्रम नशे से दूरी है जरूरी₹ का आयोजन किया गया जिसमे अति पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत उपस्थित रही। पुलिस द्वारा मुख्य रूप से समाज में बढ़ रहें नशे के प्रचलन के कारणों के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया, समाज के लोगों को महुआ से बनाई गई देसी शराब का उत्पादन एवं सेवन न करने की समझाइश दी गई। नशामुक्ति संबंधी पोस्टर व पमप्लेट का वितरण किया गया एवं हेल्प लाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई। सभी लोगों को नशे से दूर रहने एवं जागरूक बनने के संबंध में शपथ दिलाई गई।

### सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे, आवागमन में परेशानी, वाहन चालकों के साथ ही राहगीर हो रहे परेशान

# सीसी सड़क दरकने से 8 से 10 इंच तक की मोटी पड़ी दरारें, वाहन चालक हो रहे हादसों का शिकार

हाइवे की यही सड़क हरदा, इन्दौर भोपाल-हरदा मार्ग जोड़ती है। इधर राहगीरों का कहना है बोरखेड़ा ग्राम पंचायत ओर स्कूल पास सड़क में दो स्थानों पर गड्ढे बने हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

लगातार हुई बारिश में इन्दौर ,भोपाल मुख्य हाइवे की सड़क जर्जर हो गयी है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोपालपुर से भैरूंदा तक कई जगहों में सड़क पर सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे बन गये हैं. गड्ढों के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, और लोग घायल हो रहे हैं। विशेष कर दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। हाइवे की यही सड़क हरदा, इन्दौर भोपाल-हरदा मार्ग जोड़ती है। इधर राहगीरों का कहना है बोरखेड़ा ग्राम पंचायत ओर स्कूल पास सड़क में दो स्थानों पर गड्ढे बने हैं। उन्होंने ने कहा कि विभाग को राहगीरों,वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए यथाशीघ्र गड्ढे को दुरुस्त करना चाहिए।

### 4-8 इंच के गहरे गड्ढे में तब्दील हुआ हाईवे

इन्दौर ,भोपाल का मुख्य हाइवे भैरूंदा से गोपालपुर 22 किमी दूरी में सैकड़ों स्थानों में सड़क मार्ग पर 4 इंच से 8 इंच तक के बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। सड़क पूरी तरह जर्जर होने के कारण राहगीरों के लिए आए दिन हादसों का अंदेशा बने रहने के साथ परेशानी खड़ी हो रही है। ओर डामर भी उखड़ गया है। गड्ढों की भरमार के कारण सड़क पर चलना राहगीरों को मुश्किल का सफर बन गया है। बारिश के चलते गड्ढे में पानी जमा होने के कारण है कि सामने से आने वाले वाहनों का ध्यान रखना और वाहन का संतुलन बनाए रखने के साथ घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। ग्रामीणों व राहगीरों की मांग है कि गड्ढों को तुरन्त डामर लगाकर भरा जाना चाहिए।



**भैरुंदा।** भैरूंदा से गोपालपुर तक सैकड़ों स्थानों छोटे बड़े गड्ढों में तब्दील हुई सड़क



**भैरुंदा।** अतरौलिया मंडी के बीच सीसी सड़क में बनीं गहरी नालियां



**अतरौलिया, मंडी मार्ग की सड़क के बीच 6 इंच गहरी, नालियां बनी, हो चुकी हैं कई लोगों की मौत :** नगर के मुख्य सड़क को जोड़ती अंतरलिया से मण्डी तक की सीसी सड़क में अनेकों स्थानों पर सड़क के बीचों, बीच 6 इंच गहरी नालियां बनी हुई है। राहगीरों के दो पहिया वाहन के टायर नालियों में फंसने से दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। अतरौलिया जोड़ से लेकर भैरूंदा तक कई जगहों पर गहरी और लंबी नालियां बन हुई हैं। फिर भी जिम्मेदारों को यह नालियां नहीं दिखाई दी। रोजाना इस मार्ग पर सैकड़ों वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इससे पहले भी सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो चुकी है। इस मार्ग सड़क के बीचों बीच बनी नालियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं।

## भारती विद्या मंदिर में हुआ अलंकरण समारोह बच्चों ने संभाला विद्यालय का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




शनिवार को भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल नगर भैरूंदा में छात्र संगठन का भव्य कार्यक्रम के साथ गठन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी रोशन कुमार जैन और विशेष अतिथियों के रूप में भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम जी दांगी, विनय कुमार यादव (डायरेक्टर ), नेहा यादव सीईओ अरुण कुमार पाण्डे की उपस्तिथ रही। कार्यक्रम का शुभारंभ, विद्यालय के बैंड द्वारा एसडीओपी रोशन कुमार जैन को संगीतमय सैल्यूट दे कर किया गया।,इसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं विद्यालय की आध्यात्मिक गुरु माता निर्मला देवी के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर एवं श्री गणेश अथर्व शीश का पाठ कर किया गया। तदपश्चात छात्र संगठन का मार्चपास करते हुऐ ऊर्जावान आगमन हुआ सभी की अब तक की विद्यालय की यात्रा, पद एवं विशेषताओं का मंच से वर्णन किया गया, सभी अतिथियों ने मिलकर सभी छात्रों को सेशेस एवं बैचेस पहनाए। अरुण कुमार पाण्डे ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपत दिलाई एवं बड़े ही रोचक तरीके से सच्चे लीडर से साक्षात्कार करवाया। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने आलफा लीडर की व्याख्या करते हुए छात्र छात्राओं को अपने कर्म के प्रति जाग्रत किया । विध्यालय की प्रेसिडेंट कुमारी हंसिका पटेल ने अपने प्रथम भाषण से अपनी निष्ठा एवं समर्पण का प्रदर्शन कर समा बांध दिया। विनय कुमार यादव (निर्देशक) ने सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को इस अवसर पर बधाई दी, एवं कहा उनका यही उद्देश्य है की उनकी संस्थाओं में बच्चें केवल पढ़ना लिखना ही नही सीखे अपितु एक अच्छे लीडर,अच्छे व्यक्ति और एक अच्छे इंसान बनकर निकले,उन्होंने बताया, सच्चा नायक वही ही जो साधारण रहकर असाधारण कार्य करे न की असाधारण बनने की होड़ में लगे, उन्होंने कहा की लीडर स्वयं को ही आगे ना बढ़ाए अपितु पहले अपनी टीम को आगे बढ़ाए और पीछे से सहारा दे।

## अमरगढ़ झरने पर जाने को लेकर पुलिस ने किया मामला दर्ज, सैलानियों के काटे चालान





**बुधनी।** शाहगंज थाना अंतर्गत आने वाले अमरगढ़ वॉटरफॉल पर वाहन लेकर जाने के मामले में शाहगंज पुलिस ने कार एवं टाटा विंगर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेंनिट का छात्र शिवम सिंह श्रीनेत पुत्र राकेश कुमार श्रीनेत उम्र26 वर्ष अपनी कार क्रमांक यूपी32एल वाय3089 से अपने दोस्तों के साथ अमरगढ़ वॉटरफॉल घूमने आया था जबकि यहां आना जिला कलेक्टर के आदेश का सरासर उल्लंघन है इस पर शाहगंज पुलिस ने कार चालक शिवम सिंह श्रीनेत के खिलाफ बीएनएस की धारा 423 के तहत मामला दर्ज कर लिया है इसी तरह टाटा विंगर बस क्रमांक एमपी 04 वाय ए 4126 के चालक अमृतलाल कुशवाहा पुत्र काशीराम कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 जेल रोड सिलवानी जिला रायसेन पर भी बीएनएस की धारा 223 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है यह बस द्वारा लोगों को अमरगढ़ घुमाने लाया था उल्लेखनीय है कि11जून को जिला कलेक्टर द्वारा आदेश क्रमांक 906/एसडब्लू/2025द्वारा घटना दुर्घटनाओं के मद्देनजर नजर ऐसे स्थानो पर जाना प्रतिबंधित किया गया है वही एसडीएम दिनेश सिंह तोमर एसडीओपी रवि शर्मा तथा पुलिस विभाग एवं वन विभाग की टीम लगातार ऐसे स्थानों की निगरानी कर रही है लेकिन बावजूद इसके प्रतिबंधित क्षेत्र में लोग आना जाना कर रहे हैं।

## असंतुष्ट समर्पित जनसंघ और भाजपा के पुराने बुजुर्ग कार्यकर्ताओं का करेंगे सम्मान



**सीहोर।** सम्मान और सद व्यवहार को तरस रहे अपनी ही भाजपा सरकार से असंतुष्ट समर्पित पुराने जनसंघ और भाजपा के उम्रदराज कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने को लेकर शहर के वार्ड नंबर 14 अंतर्गत आने वाले दोहर मोहल्ले में शनिवार को बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण अर्पण कर बुजुर्ग भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता मनोज शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है लेकिन पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं का दर्द है कि उन्हें अब पहले जैसा सम्मान पार्टी में नहीं मिल रहा है यह बड़ी दुख की बात है कुछ कार्यकर्ताओं का यहां भी कहना है कि अब उनकी भाजपा के युवा नेता और जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नहीं है जबकि उन्हें सपने दिखाए गए थे कि जब हमारी सरकार होगी तो किसी को कोई भी परेशानी नहीं होगी लेकिन अब अपने ही सरकारी कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और सम्मान को भी तरसना पड़ रहा है ऐसे ही भूले बिछड़े जनसंगी और भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किए जाने का प्लान तैयार किया गया है सब एक साथ पहले की तरह मिलेंगे और अपने दुख सुख बाटेंगे।

बैठक में उपस्थित पुराने कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता सेवा यादव, हरीश विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाई गई और उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से श्यामलाल शर्मा हरि सिंह चावड़ा घिसीलाल विश्वकर्मा मदनलाल विश्वकर्मा शंकर लाल छाया बाबूलाल छाया रामदास बरेला मूलचंद छाया देवी सिंह तुलसीराम छाया मुंशीलाल राठौर प्रभु लाल, सतीश दोहरे ,विजय छाया, कल्लू राठौर, ताराचंद्र प्रजापति, नाथू सिंह भिलाला, जगन्नाथ प्रजापति, संतोष पाराशर, मुन्नालाल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में बुजुर्ग भाजपा कार्यकर्ता नागरिक मौजूद रहे।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी, के तहत शनिवार को शाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान और स्थानीय थाने की टीम द्वारा अटल चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा वाहनों में नशा मुक्ति संबंधी फ्लेक्स पंपलेट लगवाए गए वहीं उपस्थित जनों को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई गई।

## तत्काल बैठक का आयोजन कर कर्मचारियों की मौजूदगी में वार्ड की जमीनी समस्याओं पर खुली चर्चा करते हुए तत्काल समाधान के लिए निर्देश दिए गए

**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा वार्ड क्रमांक 11की सक्रिय पार्षद विद्या राजेश पंवार द्वारा जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था व सफाई व्यवस्था को लेकर शनिवार को तत्काल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जल, बिजली एवं सफाई विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी वार्ड की जमीनी समस्याओं पर खुली चर्चा करते हुए तत्काल समाधान हेतु निर्देश दिए गए। वार्ड पार्षद ने अपने वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक का आयोजन किया। जिसमें वार्डवासियों की सभी समस्या का समाधान तात्कालिक प्रभाव से किया गया। मुख्य तौर पर बैठक में बिजली, पानी, सड़क सफाई, कार्य की समस्या पर चर्चा की गई तथा पार्षद द्वारा वार्ड वासियों की समस्याओं का निदान मौके पर ही किया गया। इस दौरान पार्षद विद्या राजेश पंवार ने कहा जनहित में लिया गया हर निर्णय, वार्डवासियों को समर्पित है, वार्ड क्रमांक11 नगर परिषद भैरूंदा जनसेवा, सर्वोपरि जल, बिजली, सफाई समाधान करना पार्षद की जिम्मेदारी है।



## नशे से दूरी है जरूरीः ग्रामवासियों के बीच पुलिस ने नशामुक्ति अभियान चलाया



**भैरुंदा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी भैरुंदा रोशन जैन के मार्गदर्शन मे थाना गोपालपुर पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी अंतर्गत ग्राम रानीपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया। ग्रामवासियों को नशे के आदि व्यक्तियों एंव परिवार वालों को नशा मुक्ति पुनवास केंद्र की जानकारी जिला लेवल पर नशा पुनर्वास केंद्र के संबंध में मोबाइल नंबर साझा किए गए सुझाव देने के साथ एंव शपथ दिलवाई गई सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से नशे मे लिप्त व्यक्तियों को परामर्श एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया गया एवं बच्चों से नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में उनको जानकारी व उनके व्यक्तिगत अनुभव साझा किये। पोस्टर व पंपलेट का वितरण किया गया एवं नशे से दुष्प्रभाव, हेल्प लाइन नंबर 14446 आदि के संबंध में जानकारी दी गई। गोपालपुर थाना प्रभारी ने अपने फोन नम्बर सांझा किए एवं महिलाओं से शराब संबंधी शिकायत एवं सुझाव चर्चा की गई। कार्यक्रम में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, गोपालपुर थाना प्रभारी महेंद्र गोड़ ,एंव पुलिस स्टाफ, ग्रामवासी महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

### बरखेड़ा खरेट सड़क पर गड्ढे देख विधायक सुदेश राय अधिकारियों पर भड़के

# फटकार के बाद तत्काल अधिकारियों ने भरे सड़क के गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बरखेड़ा खरेट सड़क पर गडढे देखें तो विधायक सुदेश राय नाराज हो गए गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने घटिया सड़क को लेकर शिकायतों का पुलिंदा ही खोल दिया, जिस के बाद विधायक सुदेश राय की नाराजगी देखते ही देखते गुस्से में बदल गई और उन्होने मौके से ही मोबाईल पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी को फटकार लगा दी। विधायक के गर्म तेवर देखकर घवराया हुआ अधिकारी मौके पर बजरी मुरम से भरा डंपर लेकर पहुंच गया और दोराहा नहर से बरखेड़ा खरेट तक की सड़क पर हुए गडढ़ों को बजरी मुरम डालकर समतल कर दिया। विधायक राय के तत्कालिक एक्शन से ग्रामीण भी चकित हो गए। पूरा मामला शुक्रवार दोपहर का है विधायक सुदेश राय विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के भ्रमण पर थे इस दौरान उन्होने अपने ड्रायवर को बरखेड़ा खरेट चलने के लिए निर्देशित किया। कुछ ही दूर चलने पर कुछ साल पहले ही बनाई की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर हुए गहरे गडढो के कारण उनका वाहन अनियंत्रित होने लगा, बताया जाता है कि इस सड़क को लेकर पहले भी ग्रामीणों द्वारा विधायक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। विधायक राय को निरीक्षण के दौरान सड़क पर गडढें मिले और उन्होने आधे रास्ते में रूक कर ग्रामीणों को बुलाया और प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी गौस्वामी को कॉल किया। इस तरह ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हो गया।





## पंकज शर्मा जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त



**सीहोर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के अनुमोदन और मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मुकेश नायक की सहमति से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सीहोर जिला मीडिया प्रभारी हर्ष जैन ने सीहोर नगर के युवा कांग्रेस नेता पंकज शर्मा को सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। पंकज शर्मा पार्टी द्वारा दिए गए सभी दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी से निर्वहन करते हैं और पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों के साथ खड़े रहने के साथ ही सत्तापक्ष की जनविरोधी नीतियों का सकारात्मकता के साथ रचनात्मक विरोध करते हैं, उनकी इसी कार्यक्षमता और कुशलता को देखते हुए ही उनको प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस प्रवक्ता की इतनी बड़ी और अतिमहत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंकज शर्मा के जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त होने से सीहोर जिले के सभी कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, कैलाश परमार, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, शैलेन्द्र पटेल, हरीश राठौर, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, राहुल यादव, नईम नवाब, गुलाब बाई ठाकुर, रजनी शर्मा, सीताबाई मालवीय, प्रीति भारती, पवन राठौर, विक्रम मस्ताल शर्मा, कमलसिंह चौहान, शशांक सक्सेना, महेश राजपूत, केशव चौहान, हरपाल ठाकुर, कपिल उपाध्याय, सीतारानी चौरसिया आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### जिले में 22 से प्रारम्भ होगा दस्तक अभियान

**हरदा।** प्रदेश में बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। यह अभियान वर्ष में 2 बार अधिकतम 6 माह तथा न्यूनतम 4 माह के अंतराल में आयोजित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में 5 वर्ष तक के बच्चों की चिकित्सीय जांच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व प्रबंधन पर बल दिया जाता है। इसी क्रम में दस्तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया में रविवार को दस्तक अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीबीएमओ डॉ. शैलजा महाजन ने सभी आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजर को दस्तक अभियान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जय सिंह कुशवाहा ने भी दस्तक अभियान के बारे में चर्चा की तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की।

### बाबीसा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने संदीप डाले



**हरदा।** बाबीसा ब्राह्मण समाज के चुनाव में संदीप डाले को अध्यक्ष और जितेंद्र शुक्ला को महामंत्री निर्विरोध चुना गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अतुल शुक्ला के अनुसार, हरदा शाखा की साधारण सभा की बैठक में 16 जुलाई को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। चुनाव प्रक्रिया के लिए मनमोहन गोरखे, ऋशेष उपाध्याय और प्रमोद उपाध्याय को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। 18 जुलाई को शाम 8 बजे तक अध्यक्ष पद के लिए नवीन पांडे और संदीप डाले ने नामांकन किया। महामंत्री पद के लिए जितेंद्र शुक्ल, अंशुल गोरखे और मुकेश दुबे ने फॉर्म जमा किए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नवीन पांडे ने अपना नामांकन वापस लिया 19 जुलाई को अध्यक्ष पद के दोनों नामांकन वैध पाए गए। महामंत्री पद के लिए जमा तीन में से दो फॉर्म निरस्त कर दिए गए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नवीन पांडे ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस प्रकार संदीप डाले अध्यक्ष और जितेंद्र शुक्ल महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 रोगियों का किया परीक्षण

**झिरन्या।** समीपवर्ती ग्राम आभापुरी में 150 रोगियों की नाक, कान, गला, सिर और कैंसर आदि रोगों का निःशुल्क परीक्षण और उपचार किया गया। यह शिविर,वेलो ईएनटी हॉस्पिटल इंदौर और इमरजेंसी ब्लड डोनेशन ग्रुप के विजयसिंह के सहयोग से किया गया था। जिन मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है,उन्हें आयुष्मान कार्ड के अन्तर्गत इलाज कराने और मरीजों को 5दिवस में आने के लिए प्रेरित किया गया। जिनकी 3 हजार रुपए तक की जांच भी निशुल्क की जावेगी। शिविर में डॉ संध्या जैन,डा.नतासा,डा. मेडम, डा.भीमसिह चौधरी आदि टीम इंदौर के सदस्यों में चौधरी नर्सिंग स्टाफ,रवि,करण शर्मा,संतोष क्षेत्र के युवाओं राजपालसिंह राठौड़, धर्मेद्र यादव यशपाल तोमर, शुभम तोमर आदि ने भी सहयोग दिया।

### सूखे कुएं में गिरी लोमड़ी रेस्क्यू किया

**झिरन्या।** शनिवार रविवार की रात एक लोमड़ी सूखे कुएं में गिर गई,जिसका वन विभाग के मार्गदर्शन में रेस्क्यू किया गया। घटनाक्रम के अनुसार ग्राम खोई के एक किसान के सूखे कुएं में अचानक एक लोमड़ी गिर गई। ग्रामीणजनों ने सुबह देखा तो वन विभाग को सूचित किया गया। रेंज चैनपुर के डिप्टी रेंजर पप्पू महाजन पप्पू महाजन और वनकर्मियों में आशुतोष शर्मा,रविन्द्र मोरे,सुनील और सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश नायक वहां पहुंचे। कुएं में दो लोगों उतारा गया और उन्होंने उसे बोरे में बंद कर सुरक्षित निकाल लिया।

समिति के द्वारा हरदा जिलेवासियों को एक मंच देने का प्रयास किया जा रहा है

# विश्व अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विश्व अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस पर शतरंज के खेल प्रेमियों के लिए डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को बागवान होटल में जिला स्तरीय ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के द्वारा की गई वहीं विशेष अतिथि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विनोद बंसल रहे। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान कोस्तुभ उपाध्याय, द्वितीय स्थान अभिषेक नायरे व तृतीय स्थान अजय उपाध्याय ने प्राप्त किया। वहीं 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान शिवांश गौर, द्वितीय स्थान नैनशि रघुवंशी तथा तृतीय स्थान ध्रुव मीणा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 50 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 28 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष



आलोक जैन ने कहा कि हमारी समिति के द्वारा हरदा जिलेवासियों को एक मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि बंसल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण कर एसोसिएशन को 15 चेस बोर्ड देने की घोषणा की। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, द फाउंडेशन आफ एजुकेशन, पिनेकल एकेडमी स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नालेज पब्लिक स्कूल टिमरनी, सेंटमेरी स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय, संस्कार विद्यापीठ, होलीफेथ तथा विद्यासागर पब्लिक स्कूल खातेगांव ने भाग लिया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक जैन, सचिव पी.सी. पोर्ते, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, उपाध्यक्ष जय शंकर कानवा, रामनिवास जाट, राजेश बिलिया, मनीष प्रजापति, अनिता मिश्रा सहित बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन-अभिषेक कर रहे

# 7 दिवसीय शिव महापुराण व पार्थेश्वर पूजन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में सात दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थेश्वर पूजन का आयोजन प्रारंभ हो गया है। यह आयोजन 17 से 23 जुलाई तक चलेगा। पंडित प्रफुल्ल शर्मा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक शिवपुराण का वाचन कर रहे हैं। शाम 4 बजे से समाज के पंडित गोविंद शर्मा के मार्गदर्शन में पार्थेश्वर पूजन हो रहा है।

नार्मदीय समाज के वरिष्ठ नागरिक मंच के देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन-अभिषेक किया जा रहा है। समाज के विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में जोड़े विधि-विधान से पूजन कर रहे हैं। पंडित गोविंद प्रसाद शर्मा ने बताया कि श्रावण



मास पुण्य का खजाना है। इस माह में शिव की आराधना से जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही परिवार में आर्थिक समृद्धि आती है और रोग दूर होते हैं। शिव पुराण के अनुसार, कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव पूजन की शुरुआत की थी। इस पूजन से धन, धान्य, स्वास्थ्य और संतान प्राप्ति होती है। यह पूजन मानसिक और शारीरिक समस्याओं से मुक्ति दिलाता है। पार्थिव पूजन स्त्री-पुरुष सभी कर सकते हैं। विधि-विधान से पूजा करने से दस हजार कल्प तक स्वर्ग की प्राप्ति होती है। नित्य पूजन से इस लोक और परलोक में अखंड शिव भक्ति मिलती है।

भील समाज धर्मशाला ओंकारेश्वर में

धर्मशाला के लिए की घोषणा

# टंट्या भील मामा की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

**खंडवा।** भील समाज धर्मशाला ओंकारेश्वर में शनिवार को महान क्रांतिकारी टंट्या भील मामा की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भील समाज के लोग उपस्थित रहे। टंट्या भील, जिन्हें भारतीय रॉबिन हुड के नाम से जाना जाता है, 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों की हुकूमत के खिलाफ लड़ने वाले एक अद्वितीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 4 अप्रैल 1842 को ग्राम बड़ोदा अहिर, तहसील पंधाना, जिला खंडवा में हुआ था। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा की पंधाना विधायक छाया मोरे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### 3 किलो वॉट सौर ऊर्जा का पैनल की घोषणा की

उन्होंने टंट्या भील मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर विधायक छाया मौरे ने भील समाज धर्मशाला ओंकारेश्वर के लिए 2 कूलर, 11 छत के पंखे, 11 पलंग दिए गादी,रजाई,कम्बल सहित, 3 किलो वॉट सौर ऊर्जा का पैनल की घोषणा की, साथ ही इस अवसर पर विधायक छाया मोरे ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि टंट्या मामा केवल एक योद्धा नहीं थे, बल्कि एक विचार थे, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और आदिवासी समाज के स्वाभिमान की रक्षा की।

### हम शिक्षित बनें संगठित रहें और संघर्ष करते रहें

विधायक छाया मोरे ने कहा कि आज का समय भी हमसे यही मांग करता है कि हम शिक्षित बनें, संगठित रहें और निरंतर संघर्ष करते रहें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे टंट्या मामा के जीवन से प्रेरणा लें और समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। इस दौरान भील समाज के वरिष्ठ लोग चेतराम सिरसाटे ,ओमकार सर ,मनोज भरतकर,संजय दांगोड़े,नवल सिंह,जवाहरीलाल बोरीयाले,बद्री सिरसाटे,गोपाल मोरे,राजेंद्र ग्वाले,राजेन्द्र घोसले,बलिराम मोरे,दुर्गेश वास्कले, राहुल मोरे शम्भू धर्मेन्द्र शिवपाल कलमें, कमल सोने, विनोद मोरे, चिंताराम जगताप,गोपाल मोरे, टाइगर गोलकर, दुर्गेश गोलकर तथा मात्र शक्ति भी उपस्थित थी।

विधायक तनवे ने भागीदारी की

# नशा मुक्ति की दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित नशे से दूरी जरूरी है अभियान के तहत रविवार को खंडवा शहर में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना और समाज को नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय भागीदारी की और आमजन से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है, इससे दूर रहकर ही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर खंडवा पुलिस प्रशासन सहित बड़ी संख्या में शहरवासी भी मौजूद रहे। बीजेपी नेता धर्मेंद्र बजाज, अशोक पटेल, सदानंद यादव, रामसिंह रावत, प्रदीप यादव, चंद्रेश पचौरी,बलदेव मौर्य और अनिल बाहेती ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक खंडवा कंचन तनवे ने इस अवसर पर सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ ली। आयोजन के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी और इसके खिलाफ लगातार जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया।

### विद्यार्थियों को करना होगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**हरदा।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्हें प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है,उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लेने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा, जिसके लिए पृथक से पुनः वन टाइम रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं रहेगी।

कार्यक्रमों को लेकर बैठक हुई, कार्यकारिणी का गठन

# धार्मिक सामाजिक व विराट कवि सम्मेलन तुलसी उत्सव समिति के 100 वर्ष हुए पूर्ण

### 29 जुलाई से प्रारंभ तीन दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत होगी कई प्रकार की प्रतियोगिताएं

**खंडवा।।** श्री तुलसी पुण्यतिथि उत्सव समिति खंडवा की तुलसी उत्सव 2025 को लेकर माणिक्य स्मारक वाचनालय में बैठक आहूत की गई। जिसमें बहु प्रतीक्षित तुलसी उत्सव को मनाने के लिए नवनियुक्त अध्यक्ष अशीष चटकेले की अध्यक्षता एवं संरक्षक नारायण नागर व सुनील सकरगाये की सहमति से नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई। समाजसेवी व समिति के विशेष सहयोगी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की श्री तुलसी उत्सव समिति का 100 वर्षों का अपना एक लंबा इतिहास रहा है जिसके माध्यम से धार्मिक सामाजिक आयोजनों के साथ परंपरा अनुसार विशाल कवि सम्मेलन एवं देश के प्रसिद्ध कवि को तुलसी माखन सम्मान से भी पुरस्कृत किया जाता रहा है। समिति की इस वर्ष की कार्यकारिणी में अध्यक्ष आशीष चटकेले, महामंत्री दिनेश पालीवाल, सचिव भावेश बिल्लोरे, उपाध्यक्ष जितेंद्र बरोले,



भूपेंद्र सिंह चौहान, रितेश चौहान, सह सचिव मंगलेश शर्मा, मनोज मंडलोई, मंगलेश सिंह तोमर, श्याम सोनी, कोषाध्यक्ष संजय दुबे का मनोनयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष चटकेले व सदस्यों की उपस्थिति में तुलसी उत्सव के आयोजित कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मानने का प्रस्ताव लिया गया जिसके अंतर्गत 29 से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। तुलसी उत्सव का शुभारंभ 29 जुलाई मंगलवार को प्रातः 09 बजे सराफा स्थित तुलसी उद्यान में तुलसीदास की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण कर किया जायेगा। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान होने वाली प्रतियोगितायें तीन वर्गों में प्राथमिक वर्ग स में पहली से पांचवी कक्षा, माध्यमिक वर्ग ब में छठवीं से आठवीं कक्षा एवं हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी वर्ग अ में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के छात्र- छात्राएं प्रतिभागी होंगें। प्रतियोगिताओं में चित्रकला, निबंध, सामान्य ज्ञान, भजन, लघुकथा, तात्कालिक भाषण, भाषण, वाद-विवाद, नाटक/ एकांकी, फैंसी ड्रेस, रामचरित्र मानस के पद के धाराप्रवाह छंद पठन का आयोजन निर्धारित है। अंत मे इन सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे परितोषित किया जायेगा। समस्त कार्यक्रम का स्थल माणिक्य स्मारक वाचनालय रहेगा। इस सभी विषयों पर चर्चा हेतू समिति के सदस्य सुनील जैन, नारायण बाहेती, अखिलेश गुप्ता,सत्येंद्र सोहनी, मनोज जोशी, विवेक माहेश्वरी, शशिकांत तिवारी, आलोक खेड़ेकर, वासुदेव पवांर, प्रदीप कानूनगों, मनीष मालाकार, अनिल बाहेती, विकास शुक्ला, शिरीष कानूनगों, प्रफुल्ल मंडलोई, डॉ राधेश्याम पटेल, जितेंद्र उपाध्याय, मनोज लाड़, डॉ प्रशांत डोंगरे, सर्वेश राठौर, मनीष अग्रवाल, मातृशक्ति में सीमा भावसार, चेतना शर्मा, भावना बिल्लोरे, सरिता महोदय, योगिता माहेश्वरी,पूजा जैन उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन एवं कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा आशीष चटकेले द्वारा प्रदान की गई। संचालन भावेश बिलोरै प्रस्तुत किया गया एवं आभार मंगलेश तोमर कुमार ने माना।

पीस ऑफ माइंड टीवी के प्रसिद्ध वक्ता और एंकर होंगे शामिल, 24 जुलाई को आयोजन

# ब्रह्माकुमारीज के समाधान टॉक शो में आध्यात्मिक समाधान दिखेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

पत्रकारवार्ता के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्था खंडवा की शक्ति दीदी द्वारा बताया गया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, खंडवा, द्वारा नगर के जनमानस के आध्यात्मिक उत्थान हेतु पीस ऑफ माइंड टीवी के लोकप्रिय टॉक शो ₹समाधान₹ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 24 जुलाई 2025, गुरुवार को शाम 5:30 बजे से रात 8 बजे तक आनंद परिसर, आनंद नगर, खंडवा में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में सांसारिक समस्याएं, आध्यात्मिक समाधान विषय पर विशेष टॉक शो एवं प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया है, जिसमें खंडवा शहर के गणमान्य नागरिक अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त करेंगे और उन्हें आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समाधान प्रदान किए जाएंगे। इस विशेष कार्यक्रम में पीस ऑफ माइंड टीवी के वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक ब्रह्माकुमार सूरज भाई, सुप्रसिद्ध एंकर ब्रह्माकुमार रूपेश भाई एवं माउंट आबू से पधारी मोटिवेशनल स्पीकर व राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गीता दीदी मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता करेंगे।

### दो दिवसीय योग तपस्या भट्टी का भी आयोजन

शक्ति दीदी ने बताया कि इसके साथ ही खंडवा जिले के ब्रह्माकुमारी अनुयायियों के लिए दो दिवसीय योग तपस्या भट्टी का भी आयोजन किया गया है, जो 23 व 24 जुलाई को आनंद परिसर में सम्पन्न होगी। इसमें विशेष कर 24 जुलाई को खंडवा में, इसके अलावा संतोष दीदी और सुरेखा दीदी ने बताया कि ओंकारेश्वर, हरसूद, पंधाना, पुनासा, खालवा, छैगांव माखन, देशगांव, बुरहानपुर से करीब 4000 हजार के आसपास अनुयायी शामिल होकर राजयोग ध्यान एवं परमात्म अनुभूति का लाभ प्राप्त करेंगे। ब्रह्माकुमारी खंडवा संस्था की संचालिका बीके शक्ति दीदी ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस अनूठे आध्यात्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जीवन में शांति, समाधान और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव करें।

कम खाओ, गम खाओ और नम जाओ साध्वी :- प्रज्ञा श्री

# समता भवन खिरकिया में टेंशन फ्री शिविर का आयोजन आज और कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

रविवार को समता भवन में विराजित आचार्य रामलाल महाराज साहब की आज्ञानुवर्ती शासन दीपिका श्री प्रज्ञा श्री जी महाराज ने फरमाया कि यदि आपको डॉक्टर से बचना है तो आप कम खाओ। कम खाने से हमारा ऊनोदारी तप भी सहज में हो जाता है।आजकल लोग टेस्ट के लिए अपनी जिंदगी को वेस्ट कर रहे हैं। दूसरा ₹अगर आपको क्लेश से बचना है तो गम खाओ आप सामने वाले को कभी नहीं सुधार सकते। दूसरों को सुधारने के पीछे बोलकर आप कितना ही कर्म बंध कर लेते हैं पर यह उनके अनादि काल के संस्कार है जो इतनी आसानी से नहीं सुधारते। तीसरा है कि यदि आपको लोकप्रिय बना है तो नम जाओ₹कोई भी काम हमेशा सभ्यता से करना चाहिए।असभ्य लोगों के समान खाना नहीं और काम नहीं करना। हम अपने शरीर को तो बहुत टिप टॉप रखते हैं और हमारा घर अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है। हडबड, गड़बड़ और बड़बड़ के तीन चीज महिलाओं को नहीं करनी चाहिए। बड़बड़ वात्सल्य को घटाने वाली होती है । जहां अहंकार होगा वहां व्यक्ति खंभे के समान खड़ा रहता है ।कुछ भी कहना है तो मीठा बोलो। कड़वी दवा भी कैप्सूल में लपेटकर दी जाती है तो कड़वी नहीं लगती।। अपनी वाणी के माध्यम से जो संघ और परिवार का विच्छेद करते हैं वह महामोहनिय कर्म बांधते हैं। अपने दुख को भूलकर दूसरों के दुख में आने वाले आंसू कर्म निर्जरा का हेतु होते हैं ज्ञानी जन कहते हैं कि₹ सांप से नहीं पाप से डरो पाप करते समय आपकी आंखों में आंसू आते हैं क्या? रत्ती भर अहंकार भी केवल ज्ञान में बाधक हो सकता है।धर्म सभा में संचालन बालिका ध्रुवी भंडारी ने किया। 21 एवं 22 जुलाई को दो दिवसीय शिविर अंतरराष्ट्रीय बीमारी टेंशन का इलाज टेंशन फ्री शिविर का आयोजन समता भवन में दोपहर 2:30 से 3:30 बजे तक महासतीयों के सद सानिध्य में रहेगा।